राष्ट्रीय फैशन टैक्नालॉजी संस्थान
National Institute of Fashion Technology

प्रेम कुमार गेरा, आई. ए. एस.
महानिदेशक
Prem Kumar Gera, IAS
Director General

सं. 1200(31)/हिंदी/पखवाड़ा/2012/(3)/4

दिनांक 02 ~~नवम्बर~~ दिसम्बर, 2014

परिपत्र

राजभाषा विभाग के निर्देशों के तहत, भारत सरकार के प्रत्येक कार्यालयों में राजभाषा हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न प्रोत्साहन योजनाएं चलाई जाती हैं। यहां उल्लेखनीय है कि कार्यालय में राजभाषा हिंदी के कार्यान्वयन के साथ राजभाषा हिंदी का कार्यालयीन कार्य में बढ़ावा देने का दायित्व सभी अधिकारियों/प्राध्यापकों/कर्मचारियों का है न कि केवल कार्यालय के हिंदी अनुभाग का। इसी के मद्देनजर इस वर्ष से एक विशेष योजना लागू की जा रही है जिसके तहत प्रत्येक माह में मूल रूप से फाइलों में हिंदी में कार्य करने एवं मूल पत्र हिंदी में तैयार करने तथा अपने स्तर पर अंग्रेजी पत्रों का हिंदी अनुवाद करने वाले अधिकारियों/प्राध्यापकों/कर्मचारियों जो न्यूनतम 1000 से 2000 शब्द प्रति माह, मूलरूप से लिखने वालों को रूपए 1000/- प्रतिमाह, 2000-5000 शब्द लिखने वालों को रूपए 2000/- प्रतिमाह और 5000 से 10000 शब्द लिखने वालों को रूपए 5000/- प्रतिमाह उत्साह वर्धन स्वरूप दिया जाएगा। यहां उल्लेखनीय है कि संस्थान में अपने स्तर पर हिंदी को बढ़ावा देने के लिए "हिंदी के अनुवाद का कार्य" करने वाले अधिकारियों/ कर्मचारियों को उक्त प्रतिमाह मिलने वाली राशि हेतु 20 प्रतिशत बोनस शब्द गिनकर इसे दिया जा सकता है। प्रारंभ में इस योजना को निफ्ट मुख्यालय तथा दिल्ली कैम्पस में प्रयोग के तौर पर लागू किया जा रहा है, इसके उपरांत निफ्ट के सभी कैम्पस निदेशकों से इसे कार्यान्वित करने के लिए उनके सुझाव प्राप्त करके इसे सभी कैम्पसों में भी शीघ्र लागू किया जाएगा।

उपरोक्त के ही तर्ज पर निफ्ट के जिस किसी अधिकारियों/प्राध्यापकों/कर्मचारियों द्वारा देश-विदेश में ख्याति प्राप्त पत्रिकाओं/न्यूज पेपरों में फैशन की शिक्षा/तकनीकी से संबंधित तथा निफ्ट के अन्य किसी शैक्षणिक शोध इत्यादि के हिंदी में लेखों/रचनाओं के प्रकाशन पर रूपए 2000/ से 5000/ तक का नगद पुरस्कार दिया जाएगा।

(प्रेम कुमार गेरा)

प्रतिलिपि:-

1. निफ्ट मुख्यालय के सभी अधिकारियों/प्राध्यापकों/कर्मचारियों।
2. निदेशक, निफ्ट, दिल्ली कैम्पस ।